दिन– मंगलवार दिनांक– 16/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय योजना के अन्तर्गत बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं के लिए बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत चार लाख रुपये तक शिक्षा ऋण को ब्याजरहित बनाने की घोषणा की है। श्री कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी आवेदकों के लिए ऋण ब्याजरहित किये जाने की जानकारी साझा की। गौरतलब है कि पहले इस योजना के तहत लोन लेने वाले सामान्य आवेदकों को चार प्रतिशत और महिला, दिव्यांग तथा ट्रांसजेंडर आवेदकों को एक प्रतिशत ब्याज देना पड़ता था। श्री कुमार ने यह भी कहा कि शिक्षा ऋण वापस करने की अवधि साठ मासिक किस्तों से बढ़कार चौरासी से एक सौ बीस मासिक किस्त तक कर दी गयी है। है।

———————————————————————

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ा दी है। आयकरदाता अब आज रात बारह बजे तक रिटर्न भर सकते हैं। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह निर्णय कल रिटर्न भरने के अंतिम दिन तकनीकी व्यवधान के कारण आई दिक्कतों के बाद लिया गया है। आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि मूल रूप से इकतीस जुलाई थी, जिसे बढ़ाकर पंद्रह सितम्बर किया गया था। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आकलन वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए अब तक सात करोड़ से अधिक रिटर्न भरे जा चुके हैं।

———————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सेवा पखवाड़ा के तहत अठारह सितम्बर को रोहतास जिले के डेहरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री शाह के कार्यक्रम को लेकर ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब, जक्कीबीगहा में तैयारियां की जा रही है। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सत्रह

सितम्बर से दो अक्टूबर तक सेवा ही समर्पण के भाव से सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जहानाबाद से अपनी पांच दिवसीय बिहार अधिकार यात्रा की शुरूआत की। यह यात्रा ग्यारह जिलों से होते हुए बीस सितम्बर को वैशाली में संपन्न होगी। श्री यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान अलग–अलग जिलों में लोगों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं जानेंगे। उन्होंने कहा कि जनता महागठबंधन के साथ है और वे उनकी आवाज बनेंगे।

———————————————————————

मानसून की अति सक्रियता के कारण पटना में समेत राज्य के अधिकतर भागों में भारी से अति भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में पूर्णिया के भवानीपुर में सबसे अधिक एक सौ छब्बीस दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान दरभंगा, समस्तीपुर, पटना, बेगूसराय, नालंदा, पूर्णिया, किशनगंज और सीवान जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। अन्य स्थानों पर गरज के साथ मध्यम बारिश हो सकती है।

———————————————————————

पड़ोसी राज्यों और प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर हो रही बारिश के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, घाघरा और बागमती समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। गंगा नदी पटना के दीघा घाट, गांधी घाट, हाथीदह, भागलपुर और कहलगांव में लाल निशान से ऊपर बह रही है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया समेत राज्य के सभी प्रमुख स्थानों पर बढ़ रहा है। वहीं, कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से करीब एक मीटर ऊपर बह रही है। अन्य नदियों में भी उफान की स्थिति बनी हुई है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आनंद कुमार वेलकुमार को स्प्रिंट स्केटिंग विश्व चैम्पियनशिप के सीनियर पुरुष एक हजार मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर

बधाई दी है। इस इवेंट में पहली बार भारत ने स्वर्ण पदक जीता है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आनंद कुमार वेल कुमार के धैर्य, गति और जज्बे ने उन्हें स्केटिंग में पहला विश्व चैम्पियन बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी उपलब्धि से अनगिनत युवा प्रेरणा लेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।